महानिदेशक, स्कूल शिक्षा
एवं
राज्य परियोजना निदेशक कार्यालय

समग्र शिक्षा, विद्या भवन, निशातगंज, लखनऊ -226007

शिक्षा का अधिकार

सर्व शिक्षा अभियान
सब पढ़ें सब बढ़ें

निपुण भारत

वेब-साइट: www.basiceducation.up.gov.in, www.upefa.com ई-मेल: upefaspo@gmail.com दूरभाष: 0522-4024440, 2780384, 2781128

सेवा में,

मिशन निदेशक,
उ0प्र0 ग्रामीण आजीविका मिशन,
विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ।
उत्तर प्रदेश शासन।

पत्रांक: सामु0सह0/DBT-5/12974/2022-23 लखनऊ: दिनांक: 21.3; 2023

विषय: बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा डी0बी0टी0 के माध्यम से अन्तरित धनराशि लाभार्थियों को बीसी सखी के माध्यम से आहरण कर उपलब्ध कराये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

कृपया उपरोक्त विषयक अपने कार्यालय के पत्रांक 1675/3894/आजीविका/बी0सी0सखी/2022-23 दिनांक: 18 मार्च, 2023 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके द्वारा अवगत कराया गया है कि ''दिनांक: 17.03.2023 को बेसिक शिक्षा विभाग के टेक्नोलॉजी टीम, उ0प्र0 राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन की टेक्नोलॉजी टीम एवं उ0प्र0 राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन स्टाफ के मध्य हुयी बैठक में स्पष्टता प्राप्त की गयी कि बेसिक शिक्षा विभाग के लाभार्थियों की सूचना डिजिटल माध्यम से कैसे उपलब्ध करायी जायेगी, एवं दोनों विभाग को बी0सी0 सखी के माध्यम से रिपोर्ट जनरेट की जायेगी कि डी0बी0टी0 द्वारा प्रदत्त राशि वाँछित लाभार्थी को प्राप्त हुई या नही।''

2. उक्त बैठक की सूचना अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय को नहीं होने के कारण बेसिक शिक्षा विभाग के किसी अधिकारी द्वारा उक्त बैठक में प्रतिभाग नहीं किया जा सका। फलतः बैठक में हुयी चर्चा एवं तय की गयी कार्ययोजना कि पूर्ण जानकारी अधोस्ताक्षरी को प्राप्त नहीं हो सकी है। अतः इस सम्बन्ध में **अधोहस्ताक्षरी की अध्यक्षता में दिनांक: ~~24~~ 22.03.2023 को अपरान्ह 3:00 बजे से राज्य परियोजना कार्यालय, समग्र शिक्षा के सभागार में एक बैठक आहूत की जाती है।**

3. अनुरोध है कि उक्त बैठक में अपने विभाग के भिज्ञ अधिकारी एवं तकनीकी टीम के साथ प्रतिभाग करने का कष्ट करें।

भवदीय,

(विजय किरन आनन्द)
महानिदेशक, स्कूल शिक्षा

पृ0सं0/सामु0सह0/DBT-5/ 12974 /2022-23 लखनऊ: तद्दिनांक:

प्रतिलिपि: निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है।

1. कृषि उत्पादन आयुक्त, उ0प्र0 शासन को सादर सूचनार्थ।
2. प्रमुख सचिव, बेसिक शिक्षा विभाग, उ0प्र0 शासन।
3. ग्राम्य विकास आयुक्त, उ0प्र0 शासन।
4. प्रबन्धक, टेक्नॉसिस सर्विसेज प्रा0 लि0 को तकनीकी टीम के साथ बैठक में प्रतिभाग करने हेतु।

(विजय किरन आनन्द)
महानिदेशक, स्कूल शिक्षा

Note: This document is only for the knowledge and bonafide use of the Department of Basic Education, UP Government. Any sharing, publication or reproduction of this document in print or digital form or communication of its contents in any other form by any unconcerned person, body, institute or third party without prior information and approval of the competent authority will be illegal & void ab initio and appropriate action shall be taken against him in accordance with relevant rules & regulations.